## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

### जनसंपर्क कार्यालय

### PUBLIC RELATIONS OFFICE

**डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र द्वारा प्रबंधन कौशल एवं व्यक्तित्व विकास पर क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित**

**वर्धा, 02 सितंबर 2026** : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत विश्वविद्यालय के डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वंचित समूह के विद्यार्थियों के लिए प्रबंधन कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन सोमवार, 31 अगस्त को ग़ालिब सभागार में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यशाला के विशेषज्ञ वक्ता के रूप में ग्लोबल बुद्धिस्ट मैनेजमेंट एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर, कोलकाता के निदेशक डॉ. जसबीर सिंह चावला ने संबोधित किया। उन्होंने जातक कथाओं में उल्लेखित प्रबंधन के सिद्धांत उद्धृत करते हुए व्यक्तित्व विकास में उनकी उपयोगिता






समझायी। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए आचरण अच्छा होना चाहिए और अतिवादी भावना को छोडकर सम्यक दृष्टि का निर्वहन करना चाहिए। उनका कहना था कि जातक कथाओं में बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का सूत्र दिया है जिसका हमे भी चरितार्थ करना चाहिए।

मराठी साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. शैलेश मरजी कदम ने अपने वक्तव्य में डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन द्वारा डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र माध्यम से चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप सपकाले ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ. अम्बेडकर के फोटा पर माल्यार्पण एवं कुलगीत गायन से किया गया।

इस अवसर पर डॉ. एच.ए. हुनगुंद, डॉ. हेमचंद्र ससाने, बी. एस.मिरगे, हेमंत दुबे, मिथिलेश राय सहित विद्यार्थियों की उपस्थिती रही।

**डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्रातर्फे व्यवस्थापन कौशल्य व व्यक्तिमत्त्व विकासावर क्षमता निर्माण कार्यशाळेचे आयोजन**

**वर्धा, ०२ सप्टेंबर २०२६ :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन, सामाजिक न्याय व सक्षमीकरण विभाग, भारत सरकार यांच्या अंतर्गत विश्वविद्यालयाच्या डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्रातर्फे अनुसूचित जाती, अनुसूचित जमाती तसेच इतर वंचित समूहातील विद्यार्थ्यांसाठी ‘व्यवस्थापन कौशल्य व व्यक्तिमत्त्व विकास’ या विषयावर क्षमता बांधणी कार्यशाळेचे आयोजन करण्यात आले. सोमवार, ३१ ऑगस्ट रोजी गालिब सभागृहात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांच्या अध्यक्षतेखाली ही कार्यशाळा पार पडली.

कार्यशाळेचे तज्ज्ञ वक्ते म्हणून ग्लोबल बुद्धिस्ट मॅनेजमेंट एज्युकेशन अँड रिसर्च सेंटर, कोलकाताचे निदेशक डॉ. जसबीर सिंह चावला यांनी मार्गदर्शन केले. त्यांनी जातक कथांमध्ये उल्लेखिलेल्या व्यवस्थापनाच्या तत्त्वांचा संदर्भ देत व्यक्तिमत्त्व विकासासाठी त्यांची उपयुक्तता स्पष्ट केली. व्यक्तिमत्त्व विकासासाठी आचरण चांगले असणे आवश्यक असून, अतिवादी भावनेचा त्याग करून सम्यकतेचा अवलंब करावा, असे त्यांनी सांगितले. जातक कथांमध्येही ‘बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय’ हा संदेश देण्यात आला असून, तो आपणही आचरणात आणला पाहिजे, असे त्यांनी नमूद केले.


**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

मराठी साहित्य विभागाचे सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेश मरजी कदम यांनी आपल्या मनोगतात डॉ. आंबेडकर फाउंडेशनच्या माध्यमातून डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्राद्वारे राबविण्यात येत असलेल्या विविध योजनांची माहिती दिली.

कार्यक्रमाचे संचालन डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्राचे नोडल अधिकारी डॉ. संदीप सपकाळे यांनी केले. कार्यक्रमाची सुरुवात डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांच्या प्रतिमेला पुष्पहार अर्पण करून आणि विद्यापीठ गीताच्या गायनाने झाली.

यावेळी डॉ. एच. ए. हुनगुंद, डॉ. हेमचंद्र ससाणे, बी. एस. मिरगे, हेमंत दुबे, मिथिलेश राय यांच्यासह विद्यार्थी उपस्थित होते.